## Need to start flight services from Hisar Airport, Haryana-Laid

श्री जय प्रकाश **(हिसार) :** हिसार एयरपोर्ट का हरियाणा की राज्य सरकार 9 बार शिलान्यास कर चुकी है. लेकिन आज तक उड़ान शुरू नहीं हुई । नियामकीय देरी के कारण एयरपोर्ट को अभी तक आवश्यक एयरोड्रम लाइसेंस नहीं मिला है । हिसार एयरपोर्ट जल्द ही चालू हो जाएगा और एलायंस एयर द्वारा उड़ानें संचालित की जाएगी, इस देरी से हरियाणा सरकार के दावों पर जनता में सरकार के प्रति संदेह पैदा कर दिया है, जिसने घोषणा की थी कि हिसार जल्द ही राज्य का पहला चालू एयरपोर्ट बन जाएगा । सरकार के इस भ्रामक जवाब से प्रगति की कमी की आलोचना दिखाई देती । देश भर में 28 वायु सेना स्टेशन पहले से ही नागरिक उड्डयन की सुविधा दे रहे हैं, लेकिन हिसार अपनी क्षमता के बावजूद उपयोग में नहीं हैं । सरकार एक दशक से अधिक समय से हिसार एयरपोर्ट के बारे में बार-बार अधूरे आश्वासनों से निवासियों को निराश करने का भी काम कर रही है । हिसार एयरपोर्ट स्टेशन पर नागरिक उड्डयन संचालन को तुरंत मंजूरी दी जाए । सार्वजनिक उड़ानों के लिए काउंटर स्थापित किए जाए तथा इनको व्यवहार्य में लाया जाए ।